Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding the stoppage of Bundelkhand Express, Kshipra Express, Kashi Express and Kamayani Express in Dabhaura Railway Station

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): सभापति महोदय, आपने मुझे अपने लोक सभा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर चर्चा का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, रीवा लोक सभा क्षेत्र के उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के तहत आने वाले डभौरा रेलवे स्टेशन पर लॉक डाउन से पहले बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 01107-08), क्षिप्रा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 02911-12), काशी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 15018-17) व कामायनी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11071-72) का ठहराव कई वर्षों से हो रहा था । कोविड काल में इन गाड़ियों को बन्द कर दिया गया था । अब इन गाड़ियों का संचालन शुरू हो गया है, परन्तु गाड़ियों का वहां ठहराव नहीं किया जा रहा है । इससे रीवा जिले की 40 प्रतिशत आबादी के सामने मरीजों एवं यात्रियों को मानिकपुर या प्रयागराज से गाड़ियों में यात्रा करनी पड़ रही है ।

अत: आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इन गाड़ियों का ठहराव डभौरा रेलवे स्टेशन पर पुन: शुरू कराने की कृपा करें ।